
जिला पंचायत उपचुनाव

32 वर्षीय युवा पहले जिला सदस्य बने, कुम्हारी गांव व आसपास के गांवों से भारी समर्थन मिला

# क्षेत्र क्रमांक 10 कुम्हारी से साहिल 1129 वोटों से जीते

**नवभारत,कुम्हारी/पटेरा/दमोह 2 जनवरी।** जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक-10 कुम्हारी में हुए उप चुनाव में साहिल सिंह लोधी ने शानदार जीत दर्ज की है. साहिल सिंह केसरी सिंह ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी विधायक प्रतिनिधि भरत पटेल को 1129 मतों से पराजित किया. साहिल सिंह का चुनाव चिन्ह सिलाई की मशीन था, जिसे मतदाताओं का भरपूर समर्थन मिला.

यह सीट पूर्व जिला पंचायत सदस्य चंदन सिंह के स्वर्गवास हो जाने के कारण रिक्त हुई थी, जिसके चलते निर्वाचन आयोग द्वारा उपचुनाव आयोजित कराया गया. उपचुनाव में क्षेत्र की जनता ने उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाई और शांतिपूर्ण तरीके से मतदान संपन्न हुआ. परिणामों पर नजर डालें तो कुम्हारी गांव व उससे सटे आसपास के गांवों से साहिल सिंह को भारी समर्थन मिला. पटेरा से लगे गांवों में उन्हें अपेक्षाकृत कम वोट प्राप्त हुए.



### यह जनता की जीत है : लोधी

जीत के बाद साहिल सिंह लोधी ने अपनी सफलता का श्रेय सहयोगियों, समर्थकों और क्षेत्र की जनता को दिया. उन्होंने कहा कि यह जीत केवल उनकी नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र की जनता की जीत है. उन्होंने विश्वास दिलाया कि वे सभी गांवों के विकास के लिए पूरी ईमानदारी से कार्य करेंगे और जनता की उम्मीदों पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे. साहिल सिंह लोधी अपने पिता के इकलौते पुत्र हैं.

### अफवाह फैलाने से जनता गुमराह नहीं होती

साहिल ने कहा कि चुनाव जातिगत नहीं होते, कुछ लोगों ने इसे जातिगत बनाय, जो लोकतंत्र के प्रति जहरीला साबित होता। अफवाह फैलाने से जनता गुमराह नहीं होती। मतदाता जागरूक है अपना वोट कहा उपयोग करना है जानते हैं। यह जीत युवा नेतृत्व के रूप में देखी जा रही है. पेपरलेस प्रक्रिया के माध्यम से इतना बड़ा चुनाव सफलतापूर्वक संपन्न कराया गया.

### चंदन सिंह के निधन के कारण रिक्त हुई थी सीट

यह उपचुनाव न सिर्फ राजनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण रहा, बल्कि जनचर्चा, रोमांच और हाई-वोल्टेज मुकाबले के कारण लंबे समय तक सुर्खियों में बना रहा. क्षेत्र के हर गांव, हर गली और हर चौपाल पर केवल एक ही सवाल गूंजता रहा आखिर कुम्हारी का नया जिला पंचायत सदस्य कौन बनेगा। दरअसल, यह सीट पूर्व जिला पंचायत सदस्य चंदन सिंह लोधी के कुछ समय पूर्व हुए निधन के कारण रिक्त हो गई थी.

### निबोरा कला के सरपंच बने रामकशुन

बटियागढ़ की पंचायत निबोरा कला में हुए उपचुनाव में रामकशुन ठाकुर 37 मतों से विजय हुए और प्रतिद्वंद्वी आरती श्रीराम सिंह लोधी पराजित हुए हैं. नवनिर्वाचित निबोरा कला सरपंच रामकिशन से जब नवभारत ने चर्चा की, तो उन्होंने कहा कि हमें गांव वालों ने विजयी बनाया है. अब हमें सिर्फ गांव वालों के प्रति जो कुछ बेहतर हो सकता है वह काम करेंगे. शिक्षा व्यवस्था सुधारना मेरा विशेष कर्तव्य, जो बच्चे पांचवीं क्लास के बाद नहीं पढ़ पाए हैं, उन्हें आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करेंगे. गांव में सामान्य सुविधा उपलब्ध कराना जैसे पानी, शौचालय व स्वास्थ्य के बारे में भी काम करेंगे.

### वंदना पटेल देवरान की सरपंच बनी



जिले के पथरिया विधानसभा के ग्राम देवरान में हुए उपचुनाव में वंदना मुकेश पटेल 149 मत से जीत हासिल की. बता दें कि इनको 590 मत मिले, जबकि प्रतिद्वंद्वी पार्टी रूबी दांगी को 441 वोट मिले और नोटा को 14. निष्पक्ष चुनाव कराने में पथरिया एसडीएम निकेतन चौरसिया, तहसीलदार दीपा भार्गव, तहसीलदार वृंदेश पांडे, दीपमाला, जनपद पंचायत सीईओ केके पांडे, एसडी ओपी प्रिया सिंधी, थाना प्रभारी अमित मिश्रा, सागर नाका चौकी प्रभारी रोहित द्विवेदी के अलावा पुलिस बल का योगदान रहा.



## हम बदलेंगे तो जग बदलेगा : सेन

▸ अखंड दुर्गा चालीसा पाठ का किया गया आयोजन

**नवभारत,दमोह।** अंग्रेजी नए वर्ष के उपलक्ष में जुझार गांव के राधा कृष्ण मंदिर प्रांगण में भगवती मानव कल्याण संगठन के कार्यकर्ताओं द्वारा 5 घंटे का श्री अखंड दुर्गा चालीसा पाठ का आयोजन किया गया।

इसमें दुर्गा चालीसा प्रारंभ और समापन के अवसर पर दो-दो मिनट के मां एवं गुरुवार के जयकारे अंजलि सेन, आरती सेन ने लगाऐ। इस अवसर बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे. टीम प्रमुख हल्ले सेन ने कहा कि हम बदलेंगे तो जग बदलेगा। सबसे पहले हमें स्वयं के जीवन में परिवर्तन लाना होगा तभी हम दूसरों के जीवन में परिवर्तन लाकर एक सकारात्मक दिशा धारा ला सकते हैं। नए साल पर भगवती मानव कल्याण संगठन के द्वारा जगह जगह आरती एवं 5 घंटे का अखंड श्री दुर्गा चालीसा पाठ संपन्न किया गया।

### लोगों को नशा मुक्त बनाना लक्ष्य

मुन्ना सेन ने कहा कि हमें घर-घर क्यों न जाना पड़े लोगों को समझाकर उनके घरों में आरती चालीसा पाठ कर लोगों को नशा मुक्त बनाना हमारा प्रमुख लक्ष्य है। इस दौरान घनश्याम प्रसाद असाटी, मुन्ना सेन, मयूर असाटी, लटोरी सिंह लोधी, अंशु असाटी, चतुर प्रजापति, शुभम असाटी, कड़ोरी सेन, लक्ष्मी प्रसाद असाटी, परम विश्वकर्मा, हेमेंद्र असाटी राजन, अशोक असाटी, आदि उपस्थित थे।

# अजब धाम ने ओढ़ ली पीली चादर

खेतों ने दिया बसंत के आगमन का संदेश

**नवभारत,अजब धाम 2 जनवरी।** अजब धाम फ्तेहपुर क्षेत्र के आसपास और वनांचल किसानों के खेत में पीले फूलों से खिली सरसों की फ्सल लहलहाने लगी है. मौसम ने साथ दिया तो इस वर्ष किसान सरसों के बंपर उत्पादन की संभावना जता रहे हैं.



पिछले पांच वर्षों में सरसों की फ्सल का रकबा लगातार बढ़ रहा है. सरसों उत्पादन के लिए अनुकूल जलवायु है. सरसों का उत्पादन समशीतोष्ण जलवायु में होता है. क्षेत्रों के किसान सबसे अधिक सरसों की पैदावार अतिरिक्त में करते है. सरसों उत्पादन करने के लिए भिलोनी अजब धाम, पौड़ी फतेहपुर पिपरिया, बुडेरा टगर आदि क्षेत्र प्रमुख है. वर्तमान में किसानों के खेतों में सरसों की फ्सल लहलहाने लगी है.इस वर्ष सरसों के उत्पादन क्षेत्र में भी बढ़ोत्तरी हुई है.कृषि विभाग भी सरसों उत्पादन को किसानों के अतिरिक्त आय का जरिया बनाने की दिशा में काम कर रहा है.इसके तहत किसानों को सरसों से होने वाले लाभ की बाते बताई जा रहीं हैं.

### बड़े पैमाने पर सरसों की खेती शुरू

सरसों उत्पादन करने वाले किसानों को देखकर बाकी किसान भी सरसों की खेती को अपना रहे हैं. क्षेत्र में पहले किसान सरसों का उत्पादन सीमित मात्रा में सिर्फ भाजी के लिए करते थे और किसान कभी बाडियों में भाजी प्राप्त करने के लिए सरसों लगाया करते थे .सरसों की भाजी बाजार में बेचकर किसानों को थोड़ी बहुत आमदनी होती थी पर अब बड़े पैमाने पर सरसों की खेती शुरू कर दी गई है.

# पुलिस ने 2 माह में 251 मोबाइल बरामद कर वितरित किए

▸ पुलिस ने वर्ष 2025 में कुल 540 मोबाइल खोजे

**नवभारत,दमोह 2 जनवरी।** एसपी श्रुतकीर्ति सोमवंशी सहित साइबर सेल की विशेष पहल से विगत दो महीनों में कुल 251 गुम मोबाइल फोन, जिनकी अनुमानित कीमत करीब 60 लाख रुपए बताई गई है, खोजकर संबंधित आवेदकों को आज वापस किए गए. यह उपलब्धि सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से चलाए गए विशेष अभियान के तहत प्राप्त की गई.

बता दें कि वर्ष 2025 में अभी तक कुल 540 मोबाइल रिकवर किए जाकर आवेदकों को वितरित किए गए, जिनकी अनुमानित राशि करीब एक करोड़ 800000 रूपये बताई गई है. नए वर्ष में गुम मोबाइल प्राप्त आवेदकों के चेहरे पर मुस्कान आ गई. जिला पुलिस दमोह द्वारा गुम मोबाइल की रिकवरी में यह बड़ी सफलता हासिल की गई है।



### पुलिस ने त्वरित व प्रभावी कार्रवाई की

दमोह पुलिस द्वारा गुम हुए मोबाइल फोन की शिकायतों पर त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई की गई है. पुलिस अधीक्षक दमोह के निर्देशन में गुम मोबाइल से संबंधित प्राप्त शिकायतों पर तत्काल करवाई सुनिश्चित करने हेतु साइबर सेल दमोह व जिले के समस्त थानो में विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए गए थे. निर्देशों के प्रभावी क्रियान्वन के फ्ल स्वरुप टीमों द्वारा विभिन्न राज्यों उत्तर प्रदेश, हरियाणा, सहित मध्य प्रदेश के कई जिलों से गुम मोबाइल फोन ट्रेस कर सफ्लता पूर्वक बरामद किए गए.

### साइबर सेल की टीम का योगदान सराहनीय रहा

इस सफ्ल अभियान में साइबर सेल की टीम का योगदान सराहनीय रहा. शुक्रवार को दमोह पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी ने जबलपुर नाका स्थित पुलिस कंट्रोल रूम में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर खुलासा कर सभी आवेदकों को मोबाइल वितरित किए, जहां सभी आवेदकों के चेहरे पर मुस्कान देखी गई. इस अवसर पर डीएसपी सौरभ त्रिपाठी, टीआई कोतवाली मनीष कुमार मौजूद रहे.

## एक नजर में



### एसपी परिवार के साथ पहुंचे वृद्धाश्रम और रेल्वे स्टेशन

**नवभारत,दमोह।** गुरूवार शाम को पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी के जन्मदिन के अवसर पर व नववर्ष पर पुलिस अधीक्षक परिवार के साथ दमोह शहर के वृद्धाश्रम और रेल्वे स्टेशन पहुंचे.जहां वृद्धो और यात्रियों का हाल-चाल जानकर उन्हें ठंड के कपड़े, फ्ल फरूट वितरित किए.इस दौरान सीएसपी एचआर पांडे, टीआई कोतवाली मनीष कुमार,वृद्धाश्रम व्यवस्थापक वीरेंद्र असाटी, जीआरपी आर पीएफ के अलावा पुलिस अधिकारी और बल मौजूद रहा.



### नवनिर्मित पंचायत भवन का किया गया लोकार्पण

**नवभारत,दमोह.** जनपद पंचायत दमोह के ग्राम करैया राख में विधायक जयंत मलैया ने नवनिर्मित पंचायत भवन का लोकार्पण किया. इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि गौरव पटेल,पूर्व जिला महामंत्री रमन खत्री,पं अखिलेश हजारी,जिला उपाध्यक्ष मनीष तिवारी, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि धर्मेंद्र चटन पटेल, जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि दीपक परिहार, सरपंच भैया राम पटेल,सहित गणमान्य लोग व ग्रामीण जन की उपस्थिति रही.

### कृषकों को अगली किश्त के साथ मिलेगी भावांतर की राशि

**नवभारत,दमोह।** कृषि उपज मंडी समिति पथरिया में भावांतर भुगतान योजना 2025 अंतर्गत कृषको द्वारा अपनी उपज सोयाबीन का विक्रय किया गया था, परंतु लिपिकीय त्रुटि के कारण हम्मलों व तुलावटी को भुगतान की गई राशि को नगद भुगतान लिख देने के कारण कृषक भावांतर भुगतान योजना का लाभ लेने से वंचित हो गए थे. अनुविभागीय अधिकारी व भारसाधक अधिकारी कृषि उपज मंडी पथरिया निकेत चौरसिया ने बताया ऐसे समस्त कृषकों को भावांतर भुगतान योजना के अंतर्गत भुगतान दिलाने के लिए प्रस्ताव शासन को प्रेषित किया गया है. शासन को प्रेषित प्रस्ताव के फ्लस्वरुप समस्त कृषकों के खाते में अगली किस्त के साथ भावांतर की राशि प्राप्त होगी।

# हमें जीवन में सकारात्मक रहना चाहिए : मनीषा आनंद

▸ प्रथम दमयंती व्याख्यान माला आयोजित

**नवभारत,दमोह 2 जनवरी।** नव वर्ष 2026 के शुभारंभ पर पूर्व वित्तमंत्री व दमोह विधायक जयंत कुमार मलैया, राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष डॉ.रामकृष्ण कुसमरिया तथा मनीषा आनंद की गरिमामयी मौजूदगी में प्रथम दमयंती व्याख्यान माला स्थानीय निजी होटल में सम्पन्न हुई.

इस अवसर पर कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर, जिला पंचायत उपाध्यक्ष मंजू धर्मेन्द्र कटारे, संगीता श्रीधर अपर कलेक्टर मीना मसराम मंचासीन थे. मोटिवेशनल स्पीकर, साइकोलॅजिस्टक कॉर्पोरेटर ट्रेनर मनीषा आनंद ने व्याख्यान माला में आये आगंतुकों को जीवन खुशहाल बनाने के लिये टिप्स दिये. मनीषा आनंद ने कहा कि यहां जिला प्रशासन ने जो पहल की है कि हमें चाय के कप भी जो ऐसे बनाने चाहिए कि चाय पियें और उसके बाद हम वो कप को चाय के बाद बिस्किट की तरह खा लें, तो यह पर्यावरण के लिए बहुत अच्छा कदम हैं.



### हमारे भीतर ऊर्जा की नहीं, सत्संग की कमी है : डॉ. कुसमरिया

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मध्य प्रदेश राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष डॉ. रामकृष्ण कुसमरिया ने कहा कि इस बेहतर कार्यक्रम के लिए धन्यवाद देता हूं. सुबह जब सूर्य निकलता है तो पुष्प अपने आप खिल जाते हैं, इसी तरह हमारे भीतर ऊर्जा की कमी नहीं है, सत्संग की कमी है, यदि ऐसा सत्संग मिलेगा तो सारी कुंठा खत्म हो जाती है और अच्छी ऊर्जा आती है।उन्होंने कहा यह अभिनव कार्यक्रम कलेक्टर द्वारा रखा गया है, यह हमारे जिले के लिए बड़ी बात है।

### कलेक्टर बंगले के 100 वर्ष पूरे होने पर डाक टिकट जारी किया गया

कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने बताया कि नया शहर और दमोह जिले में दमयंती व्याख्यान माला सीरीज की शुरूआत की गई, यह व्याख्यान माला माह में एक दिवस आयोजित की जायेगी. इसमें हम देश और प्रदेश के बहुत ही प्रसिद्ध लोगों को बुलायेंगे और उनके व्याख्यान होंगे. कलेक्टर कोचर ने बताया कलेक्टर बंगले के 100 वर्ष पूरे होने पर एक डॉक टिकिट भी जारी किया गया। इस पर भी साल भर कुछ न कुछ कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। कार्यक्रम में एक प्रयोग और किया है, ई-टेबल कप होते हैं, जिसमें चाय पीकर उसको बिस्कुट की तरह खाया जा सकता है। उस कप में सभी लोगों को चाय दी गई थी।



## टोली सदस्यों को वितरित किए कलश

▸ हिंदू सम्मेलन हेतु अक्षत व कलश वितरण कार्यक्रम आयोजित

**नवभारत,दमोह.** जिले में 15 से 30 जनवरी तक आयोजित होने वाले हिंदू सम्मेलन की तैयारियां और आगामी 4 जनवरी को होने वाले कलश और ध्वज स्थापना के लिए टोली सदस्यों के लिए कलश वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया.

श्री देव जागेश्वर धाम बांदकपुर में रुद्र परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में विभिन्न बस्तियों और मंडलों में आयोजित होने वाले सम्मेलन के दायित्ववान कार्यकर्ताओं को आयोजन से जुड़ी जानकारियों के साथ विषय प्रशिक्षण दिया गया. इस दौरान मुख्य वक्ताओं ने उपस्थित लोगों को कार्यक्रम से जुडी जानकारियों से अवगत कराते हुए कहा कि यह आयोजन गैर राजनीतिक और किसी संघठन का नहीं होकर समाज के लोगों का है और जिले के 167 स्थानों पर इसे आयोजित कराया जाएगा. हिंदू सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य समाज के हर तबके को एक साथ जोड़कर समाज के बीच पनपने वाले जाति और वर्ग की वैमनस्यता को खत्म करना और उनके बीच सामाजिक समरसता लाना है.

लापरवाही

शहर के घनी आबादी के नजदीक तीन मुक्तिधाम, सीताबाबली का सीमेंट कांक्रीट का शेड जर्जर हो गया, कभी भी गिर सकता है

# मुक्तिधाम में विकास का अभाव, सबसे ज्यादा अव्यवस्थाएं सीताबाबली में

**विनय असाटी**

**नवभारत,दमोह 2 जनवरी।** शहर के घनी आबादी के नजदीक तीन मुक्तिधाम हैं, जहां कई तरह की अव्यवस्थाएं हैं. इनमें से एक मुक्तिधाम का सीमेंट का शेड जर्जर हो गया है और कभी धराशायी हो सकता है. शहर में केवल हटा नाका मुक्तिधाम को सुव्यवस्थित उमा गुप्ता के विशेष सहयोग और उपस्थिति में विकास कराया गया है. इसके अलावा एक छोटा सा प्रयास सुरेखा कॉलोनी के बगल के मुक्तिधाम में विकास का दिखाई देता है.

नगर में सबसे घनत्व वाली आबादी के नजदीक सीताबाबली मुक्तिधाम पड़ता है, जिससे बजरिया के 8 वार्ड सहित धरमपुरा व न्यू दमोह की आबादी से लेकर सवा लाख मानस पाठ के लोग यहीं पर अंतिम यात्राएं लेकर पहुंचते हैं. सबसे ज्यादा अव्यवस्थाएं यहीं दिखाई दे रही हैं. यहां पूर्व में बनाया गया सीमेंट कांक्रीट का शेड जर्जर हो गया है, जिसका सीमेंट झर गया है और वह कभी भी गिर सकता है.



### विकास के लिए समिति के पास है राशि

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सीताबाबली मुक्तिधाम विकास के लिए एक समिति द्वारा राशि भी एकत्रित की गई है, लेकिन उक्त राशि का सदुपयोग नहीं किया जा रहा है. बताया जा रहा है कि लाखों रुपए की राशि एकत्रित होने के बाद भी शासकीय राशि का इंतजार किया जा रहा है, जबकि जो संग्रहित राशि बताई जा रही है, उससे ही विकास आरंभ कराया जा सकता है. यहां के लोगों का कहना है कि जिस तरह हटा मुक्तिधाम का विकास कराया गया है, उसी तरह का कार्य यहां भी कराया जा सकता है.

### जटाशंकर मुक्तिधाम में अव्यवस्थाएं

सीताबाबरी के अलावा जटाशंकर मुक्तिधाम भी एक बड़ी आबादी के दाह संस्कार के उपयोग में आता है. यहां पर भी कई तरह की अव्यवस्थाएं हैं. खंभों का अभाव शेड क्षतिग्रस्त हैं,यहां पर पानी से लेकर अन्य समस्याएं भी देखी जाती हैं, यहां पर भी किसी समिति द्वारा विकास कराए जाने की महती आवश्यकता है. जिससे यहां पर अंतिम यात्रा लेकर पहुंचने वाले लोगों को समस्याओं का सामना न करना पड़े. आमचौपरा का मुक्तिधाम भी विकास को तरस रहा ।

### इनका कहना है



सीताबाबली मुक्तिधाम के हाल बेहाल है। यहां का न तो रखरखाव किया गया है न ही बाउंड्री वॉल है. अवैध अतिक्रमण मुक्तिधाम को चपेटे हैं. असामाजिक तत्वों के कारण आए दिन घटनाएं होती हैं। जल्द से जल्द प्रशासन को ध्यान देना चाहिए, जिससे मुक्तिधाम का विकास हो सके.

**जगत असाटी**
**जागरूक युवा**

फेटो- 9